तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07.11.25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के वकील उपस्थित । विप्रार्थी संख्या 1 ता 43 के विरूद्ध बावजूद सूचना अनुपस्थित रहने से एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। प्रार्थीगण वकील की बहस सुनी एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण विवादित भूमि के रिकार्डेड खातेदार हैं और उक्त भूमि पर काबिज होकर काश्त करता आ रहा है। विप्रार्थीगण के खेत प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि से लगते हुए होने से वे माठ तोड़ कर जबरन प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि पर काबिज होने को उतारू रहते है। अतः प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की नेखमबंदी करवाना चाहते है। ऐसी सूरत में विवादित भूमि की नेखमबंदी किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है। लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम उण्डेलनगर तहसील सिवाना की खसरा संख्या 511 रकबा 1.4446, व ग्राम मिठौडा तहसील सिवाना के खसरा संख्या 1093/143 व 1099/192 रकबा 1.4446 व 1.9981 व 1.7756 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ बाद पैमाईस पक्के नेखम स्थापित कर नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार सिवाना को 2000/– रुपये शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। शुल्क प्रार्थीगण मौके पर अदा करें आवश्यकता होने पर तहसीलदार सिवाना को संबंधित पुलिस थाना से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहसीलदार बाद पालना, पालना प्रतिवेदन प्रेषित करें। तहरीर जारी हो। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Surendra Singh Khangarot Date: 2025.11.18 1?:13:21 IST Reason: SelfAttested खण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सिवाना (बालोतरा)

मांक: वाचक / 2025 / १९५८ 　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक : 07.11.2025

प्रार्थीगण	बनाम	विप्रार्थीगण
देवाराम पुत्र गोबराराम वगैरा		ओकाराम पुत्र गोपाराम वगैरा

<u>प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 रा.भू.रा. अधिनियम हेतु नेखम पैमाईश जरिये पत्थर गढ़ी</u>

राजस्व आवेदन सं. 190 / 2025 　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक :– 07.11.25

–:: आदेश ::–

उपरोक्त अनवान प्रकरण में ग्राम उण्डेलनगर तहसील सिवाना की खसरा संख्या 511 रकबा 1.4446, व ग्राम मिठौडा तहसील सिवाना के खसरा संख्या 1093 / 143 व 1099 / 192 रकबा 1.4446 व 1.9981 व 1.7756 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार सिवाना को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस रूपये 2000/–प्रार्थीगण मौके पर अदा करे।

उपरोक्तानुसार नेखमबंदी कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें। आवश्यकता होने पर उन्हे सम्बन्धित पुलिस थाना से पुलिस ईमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी,
सिवाना (बालोतरा)

क्रमांकः वाचक / 2025 / १९५९ – १९53 　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक : 07.11.2025

प्रतिलिपि :

1. तहसीलदार सिवाना
2. थानाधिकारी पुलिस थाना सिवाना
3. हल्का पटवारी मिठौडा तहसीलदार सिवाना द्वारा निर्धारित की गई तिथि को मय रेकर्ड मौके पर उपस्थित रहकर नेखमबंदी कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु।
4. प्रार्थी देवाराम पुत्र गोबराराम जाति रायका निवासी उण्डेलनगर तहसील सिवाना जिला बालोतरा

उपखण्ड अधिकारी,
सिवाना (बालोतरा)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा) सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.18 19:13:21 IST
Reason: SelfAttested